तापमान

अधिकतम 31.5 डिग्री

न्यूनतम 16.8 डिग्री

हरिभूमि

# बेमेतरा भूमि

रायपुर, शनिवार 4 जनवरी 2025

बेमेतरा | देवकर | नवागढ़ | साजा | परपोड़ी | थानखम्हरिया | नांदघाट



12 लावातरा के विद्यार्थियों ने देखा कोणार्क का सूर्य मंदिर





10 डायवर्ट रूट से महीनेभर होगी आवाजाही 3-4 किमी ...





## खबर संक्षेप

### जुन्नापानी में दो दिवसीय मानसगान आज से

**डौंडीलोहारा।** विकासखण्ड के वनांचल ग्राम जुन्नापानी में 4 जनवरी से दो दिवसीय सस्वर मानसगान सम्मेलन का आयोजन जय भवानी युवा मानस समिति एवं समास्त ग्रामवासी ग्राम जुन्नापानी के तत्वावधान में किया गया है। समिति के नोमेश वैष्णव ने बताया कि 4 व 5 जनवरी को क्रमशः 9- 9 ख्याति प्राप्त मंडलियां भाग लेगी। इस दो दिवसीय मानसगान सम्मेलन में ग्रामीणों से अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर धर्म लाभ लेने की अपील की गई है।

### पेंशनर कल्याण संघ की बैठक 6 को

**बालोद।** पेंशनधारी कल्याण संघ की मासिक बैठक पेंशनर भवन शिकारीपारा बालोद में 6 जनवरी को सुबह 12 बजे से रखी गई है। अध्यक्ष डॉ. आरएम चावड़ा ने बताया बैठक में बस्तर संभाग में हुए वार्षिक सम्मलेन की जानकारी दी जाएगी, साथ ही अन्य महत्वपूर्ण जानकारी अध्यक्ष द्वारा दी जाएगी, इसलिए सभी पेंशनर अधिक संख्या में उपस्थिति दें।

### पसौद में मड़ई मेला कल

**लाटाबोड़।** गुंडरदेही ब्लॉक अंतर्गत ग्राम पसौद (हल्दी) में 5 जनवरी को नए वर्ष के स्वागत में मड़ई मेले का आयोजन रखा गया है। सरपंच पतिनिधि चुरामन यादव ने बताया कि ग्राम में मड़ई मेला के आयोजन का यह 28वां वर्ष है। उपसरपंच जीवनलाल साहू ने बताया इस दिन ग्रामीणों के मनोरंजन के लिए रात्रिकालीन राधा कृष्ण लोक कला छत्तीसगढ़ी नाच पार्टी दर्रे बंजारी तहसील छुरिया जिला राजनांदगाव वालों का कार्यक्रम रखा गया है।

घटना : दोनों पक्षों के खूनी संघर्ष में आधा दर्जन घायल, जिला चिकित्सालय में उपचार जारी

# शराब पीने और पिलाने को लेकर दो परिवार उलझे, खूनी संघर्ष में एक की हुई हत्या





हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

जिला मुख्यालय से 8 किमी की दूरी पर स्थित ग्राम कारेसरा पुरानी रंजिश के चलते दो परिवार सुबह-सुबह आपस में उलझ पड़े और उलझने का परिणाम यह रहा कि दोनों परिवारों में जमकर खूनी संघर्ष हुआ। एक की चाकू मारकर हत्या कर दी गई, इस घटना में दोनों पक्षों से तकरीबन दर्जन भर घायल हैं, जिनका उपचार जिला चिकित्सालय में किया जा रहा है। मामले में पुलिस ने 9 लोगों के खिलाफ अपराध दर्ज किया है।

■ पुलिस ने मामले में दर्ज किया अपराध

जानकारी के अनुसार शत्रुघ्न साहू और तोप सिंह वर्मा कभी अभिन्न मित्र हुआ करते थे, किंतु शराब पीने और पिलाने को लेकर पिछले दिनों दोनों के बीच विवाद के पश्चात मारपीट भी हुई थी, लेकिन दोनों पक्षों के बीच समझौता होने की बात ग्रामीण बता रहे हैं। परंतु शुक्रवार सुबह मृतक शत्रुघ्न साहू के पुत्र सौरभ साहू ने तोप सिंह वर्मा से पुरानी बात को लेकर लड़ने लगा। कहासुनी व विवाद ने गंभीर मोड़ ले लिया और दोनों परिवार के सदस्य आपस में उलझ कर एक दूसरे पर हमला करने लगे। दोनों परिवारों के बीच इस खूनी संघर्ष का परिणाम स्वरूप तोप सिंह वर्मा ने शत्रुघ्न साहू की चाकू मार कर हत्या कर दी, जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। बताया जा रहा है कि इस दरमियान दोनों परिवार इस कदर मारपीट पर उतारू थे, जिसके चलते दोनों परिवार से करीब करीब आधे दर्जन लोग गंभीर रूप से चोटिल भी हुए, जिनका उपचार जिला चिकित्सालय बेमेतरा में किया गया।



### मौके पर पहुंची पुलिस

घटना की जानकारी कोतवाली बेमेतरा में दी गई। तत्पश्चात घटना स्थल पर पुलिस पहुंचकर आवश्यक कार्रवाई में लगी रही। हालांकि उक्त घटना के बाद शत्रुघ्न साहू को जिला चिकित्सालय बेमेतरा लाया गया, जहां पर चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने दोनों पक्षों के खिलाफ अपराध कायम किया है। वही शत्रुघ्न साहू की हत्या के आरोप में तोप सिंह वर्मा 40 साल सहित अन्य नौ लोगों के खिलाफ हत्या का मामला दर्ज करने की कार्रवाई करते हुए मामले में जांच में जुट गई।

### गांव में दहशत का माहौल

दोनों पक्ष के बीच विवाद की स्थिति शुक्रवार सुबह 8 से 9 बजे के आसपास होना बताया जा रहा और घंटे भर दोनों पक्षों में घर में घुसकर घुसकर एक दूसरे पर हमला कर जमकर मारपीट करते रहे। गांव में बने इस तरह के हालात को लेकर ग्रामीणों में दहशत का माहौल भी देखा। मारपीट के बाद चाकू बाजी की घटना हुई। तत्पश्चात घायलों को जिला चिकित्सालय बेमेतरा लाया गया ।

# कबीर दास की वाणी हर सदी में है प्रासंगिक



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

कबीर पंथ के धर्मगुरु भानु प्रकाश साहेब से पुण्य मेला ग्राम लोलेसरा में भेंट कर जिला पंचायत सदस्य प्रज्ञा निर्वाणी ने आशीर्वाद लिया। उन्होंने जिलेवासियों के खुशहाली के लिए आशीर्वाद मांगा।

■ गुरु गोसाईं भानुप्रकाश साहेब से जिला पंचायत सदस्य प्रज्ञा निर्वाणी ने लिया आशीर्वाद

प्रज्ञा निर्वाणी ने कहा है कि उनका सौभाग्य है कि उनके जिला पंचायत क्षेत्र के ग्राम पंचायत लोलेसरा में कबीर दासजी के अनुयायियों का देशभर में सबसे बड़ा मेला लगता है और गुरुओं की वाणी को सुनने उनका आशीर्वाद और साक्षात सानिध्य प्राप्त करने देशभर से अनुयायी आते हैं। कबीर दास की तार्किकता, कर्म के सिद्धांत से ऐसा लगता है कि कबीर आधुनिक कृष्ण हैं, जब हम पढ़ते हैं अध्ययन करते हैं तो कबीर और कृष्ण की वाणी मानो एक सी लगती है, उनके अर्थ बहुत गहरे एक ही जान पड़ते हैं। विश्व के सबसे बड़े शाकाहार के महाअभियान के प्रणेता कबीर पंथ के गुरु परम्परा के वंशज गुरु हैं, देश के करोड़ों लोग अलग अलग जाती व्यवस्था से आते हैं, जब कबीर पंथ के अनुयायी बनते हैं, उसी क्षण शाकाहार के प्रवर्तक भी बन जाते हैं। कबीर दास की वाणी हर सदी में अधिक से अधिक प्रासंगिक ▶▶| शेष पेज 11 पर


एस.आर. पैरामेडिकल कॉलेज
छ.ग. शासन के पैरामेडिकल काउंसिल से मान्यता प्राप्त
प्रवेश प्रारंभ
उपलब्ध पैरामेडिकल टेक्निशियन कोर्स
➡ ऑपरेशन थियेटर टेक्निशियन
➡ पैथोलॉजी लैब टेक्निशियन
➡ एक्स-रे टेक्निशियन
सीमित सीटे
गर्वमेन्ट जॉब हेतु मान्यता प्राप्त कोर्स
काउंसलर का मोबाईल नं.-7880102604
चिखली, पोस्ट-जेवरा सिरसा, धमधा रोड, जिला-दुर्ग (छ.ग.)





## खबर संक्षेप



### पिछड़ा वर्ग संगठन ने की डॉक्टरों से मुलाकात

**रायपुर।** पिछड़ा वर्ग के समाज प्रमुखों और छत्तीसगढ़ पिछड़ा वर्ग संगठन के अध्यक्ष सूरज निर्मलकर के साथ आंबेडकर अस्पताल में सेवा दे रहे चिकित्सकों से मुलाकात की और नववर्ष की बधाई दी, जिसमें अधिष्ठाता डॉ. विवेक चौधरी, अधीक्षक डॉ. संतोष सोनकर, सहायक अधीक्षक डॉ. अनिल बघेल, देवप्रिय लकड़ा, डॉ. राजीव लोचन खरे, डॉ. मनोज साहू, डॉ. देव कुमार टंडन शामिल है। समाज प्रमुखों में गोपाल वर्मा, सुरेश नेताम, हेमंत, मनोज देवांगन, चंद्रेश देवांगन, महेंद्र वर्मा, साधुराम चौहान, शारदा प्रसाद सोनकर, वरुण निर्मलकर, जितेंद्र सोनकर, गोपाल सारथी, उदय राम निषाद, घनश्याम यादव, रोशन निर्मलकर, प्रभात सोनछत्र, अंबे बाघमार, नरेंद्र निर्मलकर आदि सभी समाज प्रमुखों ने नववर्ष के उपलक्ष्य में सम्मान किया।

### डांस करने के दौरान चाकू से जानलेवा हमला

**रायपुर।** राजेंद्र नगर पुरैना में नए साल को लेकर नाच-गाने के कार्यक्रम के दौरान धक्का लगने से युवक पर चाकू से प्राणघातक हमला करने वाले बदमाश को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। अरुण सोना की शिकायत पर पुलिस ने संजय रात्रे को गिरफ्तार किया है। संजय ने 31 दिसंबर की रात डांस करने के दौरान पैर लगने से योगेश साहू पर चाकू से हमला कर हत्या करने की कोशिश की थी।

### फर्जी बिल बनाकर 45 लाख की ठगी

**रायपुर।** सरस्वती नगर थाने में एक निर्माण क्षेत्र से जुड़े कारोबारी ने अपने कर्मचारी के खिलाफ फर्जी बिल बनाकर 45 लाख रुपए ठगी करने की रिपोर्ट दर्ज कराई है। मेसर्स कैलाश अग्रवाल फर्म में अकाउंटेट का काम करने वाले सतीश सिंगौर ने अमित अग्रवाल के खिलाफ ठगी की शिकायत दर्ज कराई है। सतीश ने पुलिस को बताया कि अमित ने अमन ट्रेडर्स के नाम से फर्जी फर्म बनाकर निर्माण सामग्री का आर्डर कर बिल पेश किया और पैसा फर्जी फर्म में पैसा ट्रांसफर काकर ठगी की है।

### प्रदीप को पीएचडी

**रायपुर।** प्रदीप कुमार साहू को कलिंगा विश्वविद्यालय ने पीएचडी



की उपाधि प्रदान की है। उनका विषय द साइबर सिक्योरिटी स्ट्रेटेजी एण्ड प्रेडिक्टिव इंफार्मेशन मॉडलिंग टेक्निक्स फॉर प्रिवेंटिंग साइबर क्राइम इन छत्तीसगढ़ था। इन्होंने डॉ. राजेश केशवराव देखमुख के मार्गदर्शन में अपना शोधकार्य पूर्ण किया।

### चाकू लेकर घूमते धरे गए दो बदमाश

**रायपुर।** तेलघानी नाका चौक के पास धारदार चाकू लेकर खड़े बदमाश को थाना स्टाफ ने मौके पर पहुंचकर घेराबंदी कर पकड़ा। तलाशी लेने पर पैंट के पीछे कमर में एक चाकू कटारनुमा लकड़ी का मूठ लगा हुआ मिला। पूछताछ में उसने अपना नाम समीर खान शांति नगर टंडन डेयरी के पास थाना सिविल लाइंस का रहवासी बताया। वहीं गंजपारा मंडी चबूतरा थाना गंज रायपुर के पास आरोपी राजेंद्र निषाद निवासी सेजबहार हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी थाना मुजगहन से एक स्टील का बटनदार धारदार चाकू बरामद किया गया।

### आय, जाति और निवास प्रमाणपत्र के लिए शिविर

**रायपुर।** पं. सुंदरलाल शर्मा वार्ड के भाजपा पार्षद मृत्युंजय दुबे ने जनता की सुविधा के लिए अश्वनी नगर स्थित वार्ड कार्यालय में चार दिवसीय 2 से 5 जनवरी तक शिविर लगाया है, जिसमें वार्ड के पटवारी भी उपस्थित रहेंगे। शिविर में दोपहर 2 बजे से शाम 5 बजे तक प्रधानमंत्री आवास योजना, जाति प्रमाण पत्र, आय प्रमाण पत्र, निवास प्रमाण पत्र, वंशावली प्रमाणपत्र और आधार कार्ड जैसे दस्तावेज बनाने के लिए आवेदन फॉर्म सत्यापित किए जाएंगे।

# 4 लोकेशन पर किराएदारों के किफायती आवास के 1100 ईडब्लूएस फ्लैट खाली, 4 गुना ज्यादा मिले आवेदन

## गांधी सदन में पात्र हितग्राहियों को लाटरी निकालकर आवास आवंटन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

नगर निगम द्वारा किरायेदारों के लिए किफायती आवास स्कीम में शहर के 4 विभिन्न स्थानों पर प्रधानमंत्री आवास योजना के अंतर्गत निर्मित 1100 खाली पड़े ईडब्लूएस आवास के लिए ऑनलाइन आवेदन मंगाये गये। इसमें कचना, सोनडोंगरी, दलदलसिवनी और मठपुरैना में निर्मित आवास शामिल हैं। इसके लिए 4700 आवेदकों ने आवेदन किये। आवेदन के बाद दस्तावेजों की जांच की गई, जिसमें 15 फीसदी आवेदक अपात्र पाये गये। पात्र पाये 1100 हितग्राहियों को पात्रता अनुसार लाटरी निकालकर आवास आवंटन की प्रक्रिया अपनाई गई। भाठागांव क्षेत्र स्थित मठपुरैना के बीएसयूपी साइट में 406 बहुमंजिला ईडब्लूएस फ्लैट के लिए करीब 4 गुना ज्यादा आवेदन प्राप्त हुए। मोर मकान मोर आस स्कीम के तहत रायपुर नगर निगम सीमा क्षेत्र में रहने वाले किरायेदारों को किफायती आवास के लिए निगम मुख्यालय ने आवेदन मंगाए। इन स्थानों पर निर्मित फ्लैट के लिए निर्धारित संख्या से ज्यादा आवेदन पत्र प्राप्त हुए हैं। आवेदन पत्रों के साथ संलग्न दस्तावेजों की आनलाइन जांच की गई। बुधवार को मठपुरैना साइट में रिक्त 118 ईडब्लूएस आवास आवंटन के लिए लाटरी गांधी सदन के सामान्य सभाागार में आमंत्रित हितग्राहियों के समक्ष निकाली गई। इसके पूर्व कचना, दलदल सिवनी और सोनडोंगरी में रिक्त ईडब्लूएस फ्लैट का लाटरी निकालकर पात्र हितग्राहियों को आवंटन की प्रक्रिया अपनाई गई थी।

प्रोजेक्ट से जुड़े अधिकारियों ने बताया चार स्थानों पर 1100 पात्र आवेदकों को ही लाटरी पद्धति से आवास आवंटन किया जा रहा है। बाकी के पात्र हितग्राहियों के नाम वेंटिंग लिस्ट में सुरक्षित रहेंगे। योजना के तहत यदि ईडब्लूएस श्रेणी के आवास लाटरी निकालने के बाद खाली रह जाते हैं, तो वेटिंग लिस्ट में शामिल हितग्राहियों को इसमें शामिल कर मौका दिया जाएगा।

- कचना, सोनडोंगरी दलदल सिवनी, मठपुरैना में 1100 आवास के लिए मंगाये थे आवेदन
- दस्तावेजों की ऑनलाइन जांच 15 फीसदी अपात्र



## मोवा ओवरब्रिज की डामर रोड उखाड़ने की तैयारी, ट्रैफिक पुलिस ने तय किया रूट

# डायवर्ट रूट से महीनेभर होगी आवाजाही 3-4 किमी घूमकर पहुंचेंगे घर-आफिस

हरिभूमि सरोकार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

मोवा ओवरब्रिज की सड़क पर डामर की मोटी परत चढ़ने से अब उसे उखाड़ने के लिए 4 जनवरी की रात से काम शुरू होने वाला है। इसके कारण रायपुर को बलौदा बाजार से जोड़ने वाले मोवा ओवरब्रिज से लोगों की आवाजाही डायवर्ट रूट का हिस्सा बनेगी। 14 साल में बार-बार डामरीकरण के कारण अब रीकंस्ट्रक्शन शुरू होने वाला है। इसके कारण करीब एक महीने इस रूट से आवाजाही डायवर्ट होगी। घर और आफिस पहुंचने के लिए लोगों को 3 से 4 किलोमीटर घूमकर आना-जाना होगा। लोधीपारा से मोवा को जोड़ने वाले ओवरब्रिज का मेंटेनेंस शनिवार रात से शुरू होने वाला है। करीब 800 मीटर लंबे ओवरब्रिज का रीकंस्ट्रक्शन करने में करीब एक महीना लगने वाला है। इस बीच दिन में लोग इस ब्रिज का उपयोग नहीं कर सकेंगे। इसीलिए लोगों का आना-जाना महीनेभर डायवर्ट रूट से ही होगा। मोवा अंडरब्रिज से छोटे वाहनों की आवाजाही बढ़ने से वहां दुर्घटना की स्थिति सामान्य दिनों की अपेक्षा ज्यादा बनने वाली है। वहीं मोवा ओवरब्रिज का निर्माण शासन ने लोगों को रेलवे फाटक बंद होने से लगने वाले ट्रैफिक जाम से बचाने के लिए बनवाया। इस ओवरब्रिज पर वाहनों का दबाव भी ज्यादा है।




### फैक्ट फाइल

2011 में बनकर हुआ तैयार
12 करोड़ में बनवाया गया
800 लंबा ओवरब्रिज
30 दिन में पूरा होगा काम
80 लाख रुपए की मंजूरी
2 लाख से ज्यादा वाहनों का दबाव

### रूट तय, अंडरब्रिज विकल्प

शनिवार रात से काम शुरू होने से दो दिन अंडरब्रिज से वाहनों की आवाजाही का विकल्प है। इसके बाद वर्किंग डे के बीच डायवर्ट रूट के लिए पाइंट तय हैं। वहां ट्रैफिक जवानों को भी जिम्मेदारी देंगे। भारी वाहनों की आवाजाही डायवर्ट रूट से होगी।

\- **गुरजीत सिंह,** डीएसपी, ट्रैफिक, रायपुर

### पहला विकल्प मोवा अंडब्रिज

*ट्रैफिक विभाग ने अभी तक इस रूट को डायवर्ट करने के लिए पहला विकल्प मोवा अंडरब्रिज को ही रखा है। इससे छोटे वाहनों की आवाजाही होगी। इसके अलावा विधानसभा की ओर से आने वाले भारी वाहनों को खाद्य भंडार गृह और मोवा ओवरब्रिज के पहले से भी रेलवे फाटक कृषि मंडी की तरफ भी डायवर्ट करेंगे। इसमें माल वाहन और भारी मालवाहक शामिल होंगे। इसके अलावा ट्रैफिक संभालने के लिए इस रूट पर वीआईपी टर्निंग, दलदल सिवनी के साथ ही पंडरी रूट पर भी ट्रैफिक व्यवस्था बनाने पाइंट तय करने की तैयारी है।*

### वाहनों का दबाव इसलिए ज्यादा

*मोवा, सड्डू, दुबे कॉलोनी, विधानसभा जाने के लिए मुख्य मार्ग है। मोवा ओवरब्रिज पर वाहनों का दबाव ज्यादा होता है। इससे ओवरब्रिज की सड़क ज्यादा टूटती है। मेंटेनेंस के चलते कई परतें चढ़ाई गईं। अब 4 जनवरी की रात से काम शुरू होने से दलदल सिवनी, सड्डू, उरकुरा, बलौदा बाजार और इस रूट की दो दर्जन छोटी-बड़ी कॉलोनियों सहित आसपास के हजारों लोगों का प्रतिदिन इस रूट से आना-जाना है। अब उन्हें घर-आफिस पहुंचने के लिए तय रूट से आने -जाने के लिए तीन से 4 किलोमीटर घूमकर ही आना-जाना होगा।*

# शहर में दर्जनभर स्थानों पर ठंड से राहत देने अलाव



हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

- निगम ने सार्वजनिक स्थानों पर शीतलहर से बचने की व्यवस्था

शहरवासियों को ठिठुरन से बचाने नगर निगम प्रशासन ने शहर के दर्जनभर चौराहों सहित सार्वजनिक स्थानों पर अलाव की व्यवस्था की है, ताकि लोगों को ठंड से राहत मिल सके। नगर निगम आयुक्त अबिनाश मिश्रा के निर्देश पर 10 जोन के कमिश्नर के माध्यम से अलाव जलाने की व्यवस्था बनाई गई है। जोन स्तर पर लकड़ी और कंडे की व्यवस्था करने दिशा-निर्देश जारी किये गये हैं।

शीतलहर में आम जनता को राहत देने गोगांव बाजार में सुलभ के पास, श्रीनगर सुलभ शौचालय के सामने, जयस्तंभ चौक, टाउन हाल, एम्स अस्पताल परिसर, टाटीबंध गुरुद्वारा गार्डन, अंतर राज्यीय बस स्टैंड के पास, रेलवे स्टेशन, आंबेडकर अस्तपाल के सामने, खमतराई बाजार, भनपुरी बाजार, लाखेनगर चौक सहित अन्य स्थानों पर अलाव की व्यवस्था की जा रही है।

### अलाव तापने जुट रहे लोग

राजधानी में ठंड बढ़ने के साथ ही चौराहों पर ठंड से राहत पाने अलाव तापने लोग जुटने लगे हैं। नये बस स्टैंड के सामने यात्रा के सिलसिले में बाहर से आने-जाने वाले यात्रियों को अलाव की व्यवस्था से राहत मिली है। जोन कमिश्नर रमेश जायसवाल ने बताया कि आने वाले दिनों में 3 अन्य स्थानों पर लोगों को ठंड से राहत दिलाने अलाव की व्यवस्था जोन स्तर पर की जायेगी।

# अनुकंपा नियुक्ति पाने भटक रहे लोग, रायपुर संभाग में 42 से ज्यादा आवेदन लंबित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

रायपुर संभाग के जिलों में अनुकंपा नियुक्ति पाने के लिए लोग लगातार भटक रहे हैं। इसके बाद भी इन लोगों को अनुकंपा नियुक्ति मिल नहीं पा रही है। रायपुर जिला कलेक्टोरेट के जनदर्शन में करीब माह भर पूर्व सुजल पात्रे नामक युवक ने अनुकंपा नियुक्ति को लेकर गुहार लगाई है। आवेदन के माध्यम से सुजल ने प्रशासन को अवगत कराया है कि उसके पिता नगर निगम जोन-7 में कर्मचारी थे। वह अपने पिता की कमाई पर ही निर्भर था। उसकी मां की पहले ही मृत्यु हो चुकी है। वह किराए के मकान में रहता है। माता-पिता दोनों की मृत्यु के बाद अब उसकी आर्थिक स्थिति खराब है, इसलिए उसे नौकरी की सख्त जरूरत है, लेकिन अनुकंपा नियुक्ति के लिए आवेदन किए उसे कई महीने बीत चुके हैं। इसके बाद भी उसे नौकरी मिल नहीं पाई है।

### रायपुर संभाग में अनुकंपा नियुक्ति 42 से ज्यादा आवेदन डंप


रायपुर संभाग के जिलों में अनुकंपा नियुक्ति के 42 से अधिक आवेदन डंप पड़े हैं। इन आवेदनों में अब तक नियुक्ति नहीं की गई है, जबकि संभाग कमिश्नर महादेव कावरे ने अनुकंपा नियुक्ति के इन लंबित आवेदनों पर सभी जिला कलेक्टरों को जल्द से जल्द नियुक्ति देने के निर्देश दिए है। विदित हो कि संभाग कमिश्नर कावरे ने अगस्त 2024 में विडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से संभाग के सभी जिला कलेक्टरों सहित अधिकारियों की बैठक ली थी। इस बैठक में उन्होंने संभाग के सभी जिलों में अनुकंपा नियुक्ति के आवेदनों की समीक्षा की थी। इस समीक्षा बैठक में सभी जिलों के अधिकारियों ने अपने-अपने जिले में अनुकंपा नियुक्ति के लंबित आवेदनों की जानकारी दी थी। इस तरह संभाग में अनुकंपा नियुक्ति के कुल 42 प्रकरण लंबित मिले थे। कमिश्नर ने इन सभी आवेदनों पर जल्द से जल्द प्रक्रिया पूरी कर अनुकंपा नियुक्ति देने के निर्देश दिए थे, लेकिन अब तक इस मामले में कोई कार्यवाही नहीं की गई है। यही कारण है कि अनुकंपा नियुक्ति के आवेदन लेकर लोग लगातार कलेक्टोरेट के चक्कर काट रहे हैं।

# बघेल बोले- लोगों को बदनाम करने का काम कर रही एजेंसी

## चालान पेश कर बताएं क्या साक्ष्य मिला

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

छत्तीसगढ़ में एक बार फिर ईडी की कार्रवाई को लेकर सियासत गरमाई हुई है। पूर्व मंत्री कवासी लखमा के खिलाफ महत्वपूर्ण साक्ष्य मिलने वाले ईडी के ट्वीट पर पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने एजेंसियों पर देश में लोगों को प्रताड़ित और बदनाम करने का आरोप लगाया है। उन्होंने कहा, ये सिर्फ लोगों को बदनाम करते हैं। पूरे देश में ये एजेंसी यही काम कर रही। अभी तक चालान ही प्रस्तुत नहीं कर पाए। चालान प्रस्तुत कर बताएं कि क्या साक्ष्य मिला है। छत्तीसगढ़ के नगर निगमों में प्रशासक की नियुक्ति को लेकर भूपेश बघेल ने कहा, बहुमत के बल पर चुनाव को आगे बढ़ाने विधानसभा में संशोधन विधेयक लाकर पारित किया। अभी निगमों में प्रशासक बैठे हैं। एक महीने बाद पंचायतों का कार्यकाल भी समाप्त हो जाएगा। वहां भी प्रशासक बैठेंगे। एक देश एक चुनाव की बात करते हैं। चुनाव नहीं करा पा रहे, चुनाव से सरकार डर रही है। उन्होंने कहा, चुनाव को आगे बढ़ाने का असंवैधानिक कृत्य भाजपा सरकार ने किया है, इससे स्पष्ट है कि ये लोग संविधान को नहीं मानते।



- लखमा के खिलाफ साक्ष्य मिलने वाले ईडी के ट्वीट पर उठाए सवाल

### केंद्र, राज्य से कितना धान खरीद रही

धान खरीदी को लेकर भूपेश बघेल ने कहा, अब तक भारत सरकार कितना चावल लेगी यह क्लीयर नहीं है। शायद इसीलिए सरकार धान खरीदी से बचना चाह रही है, इसलिए उपार्जन में देर, बरदाना की परेशानी, टोकन की परेशानी, सब जानबूझकर किया जा रहा। भारत सरकार चावल लेगी कि नहीं ये भी नहीं पता। उन्होंने सवाल किया कि केंद्र सरकार आखिर राज्य से कितना धान खरीद रही।

### घर वापसी सिर्फ दिखावा

घर वापसी को लेकर जूदेव पदयात्रा पर बघेल ने कहा, घर वापसी सिर्फ दिखावा है। क्या इनके पास कोई रजिस्टर है। घर वापसी के बाद उन्हें किस जाति में मिलाया गया।

# उधमपुर जाने 7 से 10 तक नहीं मिलेगी ट्रेन, कुछ ट्रेनों का बदला मार्ग

## हैदराबाद, सिकंदराबाद और सूरत जाने में दिक्कत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

भारतीय रेलवे में लगातार पटरियों का कार्य चल रहा है। इस वजह से हर सप्ताह लंबी दूरी की ट्रेन रद्द हो रही है। बीते दिनों रेलवे ने दुर्ग से रवाना होने वाली ऊधमपुर एक्सप्रेस को सफर से एक दिन पहले रद्द कर दिया था। अब यह ट्रेन 7 से 9 जनवरी तक रद्द रहेगी।

- इस सप्ताह जम्मू तवी और रांची रेल मंडल में होगा रेलवे अधोसंरचना का कार्य

बता दें कि उतर रेलवे के जम्मू तवी स्टेशन में यार्ड रीमॉडलिंग व अन्य संरक्षा संबंधित कार्य किया जाएगा। इस वजह से रेलवे ने जम्मू की ओर जाने वाली इस ट्रेन को रद्द कर दिया है। इसके साथ बिलासपुर से भी टाटानगर जाने वाली एक्सप्रेस को भी रद्द किया गया है। रांची रेल मंडल में विभिन्न सेक्शनों में अधोसंरचना कार्य के कारण 3 ट्रेनों का मार्ग भी परिवर्तन हो चुका है।



### परिवर्तन मार्ग से चलने वाली ट्रेन

- 08 जनवरी को हैदराबाद से चलने वाली 07255 हैदराबाद-पटना स्पेशल एक्सप्रेस परिवर्तित मार्ग से राउरकेला-सिनी-चांडिल-मूरी-
- 11 जनवरी को मालदा डाऊन से चलने वाली 13425 मालदा डाऊन-सूरत एक्सप्रेस परिवर्तित मार्ग से कोटशिला जंक्शन-मूरी-चांडिल- सिनी-राउरकेला होकर चलेगी।
- 07 जनवरी को रक्सौल से चलने वाली 07052 रक्सौल-सिकंदराबाद स्पेशल एक्सप्रेस परिवर्तित मार्ग से कोटशिला जंक्शन-मूरी-चांडिल-सिनी- राउरकेला होकर चलेगी।

### यह ट्रेन रहेगी रद्द

- 8 जनवरी को दुर्ग से चलने वाली 20847 दुर्ग-ऊधमपुर एक्सप्रेस रद्द रहेगी।
- 10 जनवरी को ऊधमपुर से चलने वाली 20848 ऊधमपुर-दुर्ग एक्सप्रेस रद्द रहेगी।
- 7 जनवरी को दुर्ग से चलने वाली 12549 दुर्ग-ऊधमपुर एक्सप्रेस रद्द रहेगी।
- 9 जनवरी को ऊधमपुर से चलने वाली 12550 ऊधमपुर-दुर्ग एक्सप्रेस रद्द रहेगी।
- 04, 6 से 15 जनवरी 18114 बिलासपुर-टाटानगर एक्सप्रेस रद्द रहेगी।
- 05, 7 से 16 जनवरी 18113 टाटानगर-बिलासपुर एक्सप्रेस रद्द रहेगी।

## शिक्षक मोर्चा संघ ने मुख्यमंत्री को लिखा खत, बीएड शिक्षकों के समर्थन में फैसला

# सामूहिक अवकाश पर जाएंगे प्रदेशभर के शिक्षक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

बीएड प्रशिक्षित सहायक शिक्षकों के समर्थन में सभी शिक्षकों ने सामूहिक अवकाश लेने का निर्णय किया है। शिक्षक मोर्चा ने मुख्यमंत्री को पत्र लिखकर डीएड प्रशिक्षितों को नियुक्ति देते हुए बी.एड. प्रशिक्षित नवनियुक्त सहायक शिक्षकों की नौकरी सुरक्षित रखे जाने की मांग की है। शिक्षक मोर्चा के प्रदेश संयोजक संजय शर्मा, वीरेंद्र दुबे, मनीष मिश्रा, विकास राजपूत ने कहा, आने वाले दिनों में बीएड प्रशिक्षित सहायक शिक्षकों के सेवा सुरक्षा के लिए प्रदेश के 1 लाख 80 हजार शिक्षक संवर्ग सामूहिक अवकाश ले सकते हैं।

शिक्षक मोर्चा ने कहा, जब तक कमेटी का सकारात्मक सुझाव न आए तब तक बीएड प्रशिक्षित सहायक शिक्षकों को सेवा से बाहर न किया जाए। साथ ही शिक्षा विभाग द्वारा जारी किए गए सेवा समाप्ति के निर्देश को निरस्त किया जाए। शासकीय सेवा में संलग्न करीब 2900 बीएड डिग्रीधारी सहायक शिक्षक विगत 15 माह से बस्तर तथा सरगुजा सम्भाग के सुदूर अंचल में सेवारत हैं, इनकी भर्ती छत्तीसगढ़ राज्य भर्ती नियम 2019 के तहत हुई है। केवल नियुक्ति की तिथि के आधार पर इन शिक्षकों की नियुक्ति अमान्य घोषित हो गई है। अतः उनके प्रकरण पर सहानुभूतिपूर्वक विचार करने की आवश्यकता है।



**साहू समाज भी उतरा समर्थन में :** शिक्षकों के प्रदर्शन को पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल का भी समर्थन मिला है। वे गुरुवार को प्रदर्शनकारी शिक्षकों से मुलाकात करने पहुंचे। उन्होंने शिक्षकों से बातचीत कर उनकी पीड़ा जानी। वहीं छत्तीसगढ़ साहू समाज भी शिक्षकों के समर्थन में उतर गया है। प्रदेशाध्यक्ष टहल सिंह साहू ने कहा, यदि इन शिक्षकों का टर्मिनेशन वापस नहीं लिया गया और समायोजन सुनिश्चित नहीं किया गया, तो छत्तीसगढ़ का समस्त साहू समाज और अन्य ओबीसी समाज शिक्षकों के प्रदर्शन को समर्थन देगा।

### पद से पृथक ना करने की मांग

शासन द्वारा कहा गया है कि बीएड शिक्षकों के समायोजन के लिए कमेटी बनाई जाएगी। प्रदर्शन कर रहे सहायक शिक्षकों ने इस पर असंतुष्टि जताई है। उनका कहना है कि अब तक कोई कागजी कार्रवाई नहीं हुई है और ना ही उन्हें लिखित में कोई आश्वासन दिया गया है। दूसरी ओर उन्हें पद से हटाने का आदेश जारी कर दिया गया है। एक बार पद से हटाए जाने पर उनके पूर्व कार्यकाल की गणना सेवा में नहीं होगी। ऐसे में धरना दे रहे सहायक शिक्षकों ने नौकरी से ना निकालते हुए नो वर्क-नो पेमेंट आधार पर रखे जाने का आग्रह किया है। वहीं बुधवार को प्रदर्शन के दौरान भाजपा कार्यालय घेर रहे 31 सहायक शिक्षकों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया था, उन्हें गुरुवार को रिहा कर दिया गया।

# 12 करोड़ का हाईटेक शास्त्री बाजार, सोलर लाइट लगाने स्मार्ट सिटी के पास फंड नहीं

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

रायपुर स्मार्ट सिटी लिमिटेड द्वारा बनवाये जा रहे तीन मंजिला शास्त्री बाजार व्यावसायिक परिसर की छत पर सोलर पैनल लगवाने सिटी के पास फंड नहीं है। इस कार्य में 68 लाख रुपये का खर्च अनुमानित है। ऐसे में अब रायपुर स्मार्ट सिटी लिमिटेड क्रेडा के पास इस कार्य के लिए प्रपोजल बनाकर भेजेगा।

- क्रेडा को भेजा जाएगा प्रपोजल, तीन मंजिला हाईटेक बाजार परिसर तैयार

मेट्रो सिटी की तर्ज पर राजधानी में 12 करोड़ की लागत से सर्व सुविधा युक्त तीन मंजिला शास्त्री बाजार व्यावसायिक परिसर बनाया जा रहा है। इसमें रैंप और बेसमेंट का कार्य महीनेभर में पूरा करने अनुबंधित एजेंसी को समय सीमा दी गई है। नए व्यावसायिक परिसर के प्रत्येक तल पर सब्जी विक्रेताओं के लिए 21 दुकानें बनाई गई हैं। 20 हजार वर्गफीट की जगह पर भूतल के साथ तीन तल का कांप्लेक्स बनकर तैयार है।

इसमें गाड़ियों के पार्किंग की व्यवस्था और लोगों की सुविधा के लिए शौचालय भी बनाया गया है। प्रोजेक्ट से जुड़े अधिकारियों ने बताया कि नवनिर्मित व्यावसायिक परिसर में दुकानों का आवंटन नगर निगम के बाजार विभाग से किया जाएगा। इसके लिए रायपुर स्मार्ट सिटी लिमिटेड नवनिर्मित शास्त्री बाजार व्यावसायिक परिसर को नगर निगम को हैंडओवर करेगी।


## खबर संक्षेप



### राज्यपाल को मुख्यमंत्री ने दी नए वर्ष की शुभकामनाएं

**रायपुर।** राज्यपाल रमेन डेका से गुरुवार को राजभवन में मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने भेंट कर नववर्ष की शुभकामनाएं दी और राज्य हित से जुड़े विषयों पर चर्चा की। श्री डेका ने भी उन्हें नववर्ष की शुभकामनाएं दीं। मुख्यमंत्री ने राज्यपाल को जशपुर जिले के स्थानीय उत्पाद भेंट किए। राज्यपाल और मुख्यमंत्री ने एक दूसरे को राजकीय गमछा पहनाकर स्वागत किया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री के प्रमुख सचिव सुबोध सिंह भी उपस्थित थे।

### सीएम साय ने किया महाराष्ट्र मंडल के कैलेंडर का विमोचन



**रायपुर।** मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने बुधवार को महाराष्ट्र मंडल के वर्ष 2025 के वार्षिक कैलेंडर का विमोचन किया। इस अवसर पर महाराष्ट्र मंडल रायपुर और बृहन्महाराष्ट्र मंडल के प्रतिनिधियों ने मुख्यमंत्री श्री साय को नववर्ष की शुभकामनाएं दीं। इस मौके पर मंडल अध्यक्ष अजय काले व बृहन्महाराष्ट्र मंडल के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष शेखर राव साहेब अमीन ने उन्हें 10 जनवरी से शुरू हो रहे राष्ट्रीय अधिवेशन में बतौर मुख्य अतिथि शामिल होने का ससम्मान निमंत्रण दिया, जिसे सीएम ने अपने स्टाफ से चर्चा के बाद स्वीकार कर लिया। कैलेंडर विमोचन के अवसर पर सुबोध टोले, श्याम सुंदर खंगन, विशाखा तोपखानेवाले, गीता श्याम दलाल, नमिता शेष, निरंजन पंडित, पारितोष डोनगांवकर और सचेतक रविंद्र ठेंगड़ी प्रमुख रूप से उपस्थित थे।

### भाजपा सरकार बनने के बाद कानून व्यवस्था बदहाल

**रायपुर।** प्रदेश कांग्रेस संचार विभाग के अध्यक्ष सुशील आनंद शुक्ला ने कहा, रोज हो रही हत्यायों से पूरी राजधानी में भय का माहौल है। हत्या और चाकूबाजी की घटनाएं लगातार बढ़ती जा रही हैं। जबसे राज्य में भाजपा की सरकार बनी है, राजधानी रायपुर में औसतन रोज तीन हत्या हो रही है। अपराधी इतने बेलगाम हो गये हैं कि सरेआम सड़क पर दौड़ा-दौड़ाकर चाकू मार रहे, पुलिस मूकदर्शक बनी रहती है। साय सरकार के राज में महिलाओं के प्रति अपराधों में बेतहाशा बढ़ोतरी हो गयी है। मासूम बच्चियों के साथ घृणित दुराचार की घटनाएं बढ़ गयीं।

पेज 9 का शेष

### कबीर दास की ...

होते जाती है। हम जितने अधिक शिक्षित होते जाते हैं, पढ़े लिखे वैज्ञानिक विचारों के होते जाते हैं अपने अंदर कबीर की वाणियों को घटता हुआ पाते हैं। जिला पंचायत सदस्य प्रज्ञा निर्वाणी ने भंडारे में जा कर अपनी सेवा भी दी। उन्होंने सभी मेला समिति के सदस्यों को वृहद आयोजन की सफलता की शुभकामनाएं दी।

# भाजपा के नए जिलाध्यक्षों का 6 को होगा ऐलान, 5 से होगी निर्वाचन प्रक्रिया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

प्रदेश में भाजपा के सभी 36 संगठनों जिलों में नए जिलाध्यक्षों का ऐलान 6 दिसंबर को हो जाएगा। चार दिसंबर को दिल्ली से यहां पर बंद लिफाफों में नाम पहुंच जाएंगे, इसके बाद पांच दिसंबर से विर्नाचन की प्रक्रिया प्रारंभ होगी। बंद लिफाफे जिले के चुनाव अधिकारी जिलों में लेकर जाएंगे। लिफाफा खोलने के बाद जिनका नाम निकलेगा, प्रक्रिया के तहत सबसे पहले उनका नामांकन भरवाया जाएगा, इसके बाद दूसरे दिन उनके नाम का ऐलान किया जाएगा। भाजपा का देशभर में संगठन चुनाव चल रहा है। इसी कड़ी में छत्तीसगढ़ में पहले बूथ कमेटियां का चुनाव हुआ, इसके बाद मंडल अध्यक्षों का चुनाव किया गया। अब जिलाध्यक्षों का चुनाव होना है। इसके लिए सभी जिलों से दावेदारों के नाम कुशाभाऊ ठाकरे में मंगाकर 27 दिसंबर को प्रदेश प्रभारी नितिन नवीन की उपस्थिति में तीन-तीन नामों का पैनल बनाया गया और इसको दिल्ली भेजा गया। 29 दिसंबर को दिल्ली में राष्ट्रीय नेताओं के साथ प्रदेश के पदाधिकारियों का पैनल पर मंथन किया गया, इसके बाद नाम फाइनल कर लिए गए हैं। अब वहां से नाम आने बाकी हैं। नाम आने के बाद चुनाव की प्रक्रिया होगी।

### दिल्ली से आज आएंगे बंद लिफाफों में नाम




### नामांकन के दूसरे दिन होगी घोषणा

दिल्ली से बंद लिफाफों में नाम आने के बाद सभी जिलों के चुनाव अधिकारियों को लिफाफा सौंपा जाएगा। चुनाव अधिकारी अपने-अपने जिलों में जाएंगे और सबके सामने लिफाफा खोला जाएगा। उसमें जिनका नाम होगा, उनको प्रक्रिया के तहत नामांकन भरवाया जाएगा। नामांकन के बाद अगले दिन एक नामांकन होने पर उनको निर्विरोध अध्यक्ष घोषित कर दिया जाएगा। राष्ट्रीय संगठन के निर्देश पर सभी बूथों इसके बाद मंडल अध्यक्षों का चुनाव सर्वसम्मति से किया गया है। उसी तरह से अब जिलाध्यक्षों का चुनाव भी सर्वसम्मति से किया जा रहा है। हालांकि कुछ मंडलों में विवाद भी हुआ है, जिसके बाद वहां का चुनाव रद्द कर दिया गया है। अब जिलाध्यक्षों के नामों सामने आने के बाद ही मालूम होगा कि कहीं विवाद की स्थिति तो नहीं बनती है। जिलाध्यक्षों के लिए इस बार आयु सीमा 60 साल तय की गई है। इससे ज्यादा उम्र के किसी भी कार्यकर्ता को अध्यक्ष नहीं बनाया जाएगा।

## पूर्व विधायक बृहस्पत, अनूप नाग, किस्मतलाल, रेणु और अमित जोगी के नाम

# बागी और निकाले गए तीन दर्जन कांग्रेसी राजीव भवन के दरवाजे पर, विरोध भी...

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस कमेटी के पास पार्टी में वापसी के लिए 35 से ज्यादा नेताओं के आवेदन कांग्रेस मुख्यालय राजीव भवन को मिले हैं। आवेदन आने के साथ ही पार्टी में इनकी वापसी का विरोध भी शुरू हो गया है। उल्लेखनीय है कि ये नेता पिछले चुनावों के दौरान पार्टी से बगावत कर गए थे। ये सभी अब पार्टी में वापस आना चाहते हैं।

छत्तीसगढ़ कांग्रेस में वापसी के लिए बृहस्पत सिंह, पूर्व विधायक अनूप नाग, किस्मतलाल नंद, आनंद कुकरेजा, पूर्व एमआईसी सदस्य अजीत कुकरेजा, पूर्व मुख्यमंत्री स्व. अजीत की पत्नी रेणु जोगी तथा उनके पुत्र अमित जोगी समेत कई बड़े नेता ऐड़ी-चोटी का जोर लगा रहे हैं। उन नेताओं में से कुछ का कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने विरोध भी शुरू कर दिया है। इधर बृहस्पत सिंह और जोगी कांग्रेस के नेताओं और अजीत कुकरेजा का आवेदन आने के बाद अलग-अलग स्तर पर विरोध दिखने लगा है। बृहस्पत सिंह ने सीधे तौर पर पीसीसी पर आरोप लगाए थे, उसके बाद उन पर कार्रवाई की गई थी। इधर पूर्व विधायक कुलदीप जुनेजा ने भी अजीत कुकरेजा और आनंद कुकरेजा के वापसी को लेकर आपत्ति जताई है। उन्होंने पीसीसी अध्यक्ष को पत्र लिखकर अपनी बात रखी है। बताया जाता है कि कांग्रेस में वापसी के लिए जिन नेताओं ने आवेदन किया है, उनके संबंध में निर्णय लेने से पहले इस बात का विशेष ध्यान रखा जाएगा कि निष्कासित नेताओं को पार्टी में वापस लाने से कहीं पार्टी कार्यकर्ताओं का मनोबल ना टूटे।




### सभी परिस्थितियों पर विचार के बाद निर्णय

कांग्रेस में वापसी के लिए बनाई गई समिति की पहली बैठक दिल्ली में हो चुकी है। इसमें प्रदेश प्रभारी सचिन पायलट सहित अन्य नेता शामिल हुए। समिति के नेताओं से कहा गया है कि मामले में सभी परिस्थितियों पर विचार के बाद निर्णय पार्टी द्वारा लिए जाएंगे। चुनाव के समय लोगों को टिकट नहीं मिला ,ऐसे लोग अधिक हैं। उसके अलावा पार्टी ने ऐसे नेताओं पर भी निष्कासन की कार्रवाई की जिन्होंने पदाधिकारियों पर सीधे आरोप लगाए थे। सभी मामलों के मद्देनजर निर्णय लिया जाएगा।

### समिति के विचार के बाद पार्टी लेगी निर्णय

प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष ने कहा कि जो निष्कासित लोग पार्टी में आना चाहते हैं, उन्होंने आवेदन किया है, अभी तक 35 से अधिक आवेदन प्राप्त हो चुके हैं। उनके आवेदनों पर गुण दोष के आधार पर विचार किया जाएगा। उसके लिए समिति बनाई गई है। उसके बाद पार्टी निर्णय लेगी कि निष्कासन रद्द करना है या नहीं।

### स्थानीय नेताओं की अनुशंसा के आधार पर होगा निर्णय

समिति के सदस्य और पूर्व प्रदेश अध्यक्ष धनेंद्र साहू ने कहा, स्थानीय नेताओं की अनुशंसा के आधार पर निर्णय होगा। ब्लॉक, जिला कांग्रेस, प्रत्याशियों से रिपोर्ट मंगाएंगे। गुण दोष के आधार पर वापसी का मार्ग प्रशस्त होगा। ये नियम उनके लिए लागू होगा, जिन नेताओं ने कांग्रेस के अलावा किसी दूसरी पार्टी में दलबदल किया है या किसी बात लेकर उन्होंने पार्टी छोड़ी है। अगर वे पार्टी में वापस आना चाहते हैं, तो उनके लिए इन्हें स्थानीय स्तर के नेताओं द्वारा इसकी जानकारी दी जाएगी।

# गुरु खुशवंत बोले- सत्ता में रहते कांग्रेस ने बीएड प्रशिक्षित शिक्षकों को छला

### भाजपा शिक्षकों के साथ न्याय करने के लिए प्रतिबद्ध

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

भारतीय जनता पार्टी के विधायक गुरु खुशवंत साहेब ने बीएड प्रशिक्षित शिक्षकों की नौकरी को लेकर कांग्रेस और पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल पर ओछी राजनीति करने का आरोप लगाया है। खुशवंत साहेब ने कहा कि बीएड प्रशिक्षित शिक्षकों को पहले सत्ता में रहते हुए कांग्रेस की भूपेश सरकार ने छला और अब उन्हीं बीएड प्रशिक्षित शिक्षकों को उकसाकर एक तो अपने पापों पर पर्दा डालने का कृत्य बघेल कर रहे हैं, दूसरे इस मामले में तथ्य और सत्य से परे बातें करके प्रदेश को गुमराह कर अशांति व अराजकता का माहौल बनाने की कोशिश की जा रही है। भाजपा विपक्ष में थी तब भी इन शिक्षकों के साथ न्याय के लिए खड़ी थी और सत्ता में रहते हुए भी इन शिक्षकों के साथ न्याय करने के लिए प्रतिबद्ध है।



गुरु खुशवंत ने कहा, यदि पूर्व मुख्यमंत्री बघेल में जरा भी नैतिकता शेष है तो बीएड प्रशिक्षित 2897 शिक्षकों के परिवारों का भविष्य तबाह करने की अपनी करतूत के लिए वह इन परिवारों से माफी मांगें। ये शिक्षक छत्तीसगढ़ की पिछली भूपेश सरकार सरकार के कृत्यों की सजा भुगत रहे हैं।

### कांग्रेस सरकार ने भर्ती नियमों पर नहीं दिया ध्यान

गुरु खुशवंत ने कहा, पूर्ववर्ती कांग्रेस सरकार ने लापरवाहीपूर्वक इन शिक्षकों के भर्ती नियमों में ध्यान नहीं दिया और सिर्फ अपने राजनीतिक स्वार्तों की पूर्ति के लिए और अपने नेता राहुल गांधी के सामने वहवाही लूटने के लिए देर से नियुक्ति पत्र जारी किया जिसके कारण ये युवा आज बेहाल हैं। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व वाली प्रदेश की भाजपा सरकार इस मामले में समाधानकारक उपायों पर पूरी प्रतिबद्धता के साथ काम कर रही है, और न्यायालयीन आदेश से बीएड. अर्हता के आधार पर चयनित सहायक शिक्षकों की नियुक्ति आदेश निरस्त होने के उपरांत समाधानकारक संभावनाओं पर विचार-विमर्श के लिए मुख्य सचिव की अध्यक्षता में उच्चस्तरीय प्रशासनिक समिति का गठन भी किया जा रहा है। अप्रैल 2024 में हाई कोर्ट ने बीएड शिक्षकों के पद मुक्ति का आदेश दिया। छत्तीसगढ़ की भाजपा सरकार ने अगस्त में सुप्रीम कोर्ट में पुनर्विचार याचिका दाखिल की, जिस पर फैसला लंबित है।

# सुप्रीम कोर्ट- हाईकोर्ट में याचिका दायर होते ही अब होगी प्रभारी अधिकारी की नियुक्ति, सरकार का आदेश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर



- सामान्य प्रशासन विभाग ने जारी किया आदेश
- बताया कोर्ट में जवाबदावा कैसे पेश करना है

छत्तीसगढ़ सरकार ने अपने सभी विभागों, राजस्व मंडल बिलासपुर, सभी विभागाध्यक्षों कमिश्नरों और कलेक्टरों को निर्देश दिया है कि सुप्रीम कोर्ट और हाईकोर्ट में याचिका दायर होने की सूचना मिलते ही संबंधित प्रशासकीय विभाग तत्परता से प्रभारी अधिकारी की नियुक्ति करें। यही नहीं ये भी कहा गया है कि प्रभारी अधिकारी मामले के सभी पहलुओं से अवगत हों। उनकी ये जिम्मेदारी भी होगी कि वे संबंधित मामले के सभी दस्तावेज अभिलेख भी जमा करें।

राज्य सरकार के सामान्य प्रशासन विभाग ने यह निर्देश जारी किया है। यह निर्देश दरअसल न्यायालयीन प्रकरणों में शासन का हित संरक्षण करते हुए जवाबदावा पेश करने संबंध में है। सामान्य प्रशासन विभाग ने कहा है कि शासन के संज्ञान में यह बात आई है कि हाईकोर्ट में याचिका दायर होने के बाद प्रभारी अधिकारी की नियुक्ति में अनावश्यक देर है, जिससे सरकार को न्यायालय में अप्रिय स्थिति का सामना करना पड़ता है। कई बार नियुक्त प्रभारी अधिकारी को प्रकरण की कोई जानकारी नहीं होती या प्रकरण में बिना प्यप्ति दस्तावेज अभिलेख के ही जवाबदावा तैयार करवाने के लिए महाधिवक्ता कार्यालय पहुंच जाते हैं। इस स्थिति को देखते हुए अब नए निर्देश दिए गए हैं।

### प्रभारी अधिकारी को ट्रेनिंग भी दें

सामान्य प्रशासन विभाग ने कहा है कि यह भी आवश्यक है कि विभाग अपने स्तर से जिन अधिकारियों को प्रभारी अधिकारी नियुक्त करते हैं, उनका प्रशिक्षण भी कराएं, जिससे वे अपने कर्तव्य एवं दायित्वों से अवगत हों। विभागों से सरकार की अपेक्षा है कि प्रकरण में जवाबदावा पेश होने से पहले संबंधित प्रभारी अधिकारी को उचित मार्गदर्शन दिया जाए। जवाबदावा पेश करने के पहले विभाग के सचिव से अनुमोदन भी प्राप्त किया जाए।

### अदालत के आदेश पर कार्यवाही करें

ये भी कहा गया है कि सुप्रीम कोर्ट, हाईकोर्ट द्वारा आदेश पारित होने पर न्यायालयों द्वारा पारित आदेश के अनुक्रम में नियमानुसार युक्तियुक्त कार्यवाही समय सीमा में पूरी करें। हाईकोर्ट द्वारा यदि किसी प्रकरण में आदेश होता है, तो हाईकोर्ट की युगल पीठ में रिट अपील दायर करें तथा आवश्यकता पड़ने पर सुप्रीम कोर्ट में एसएलपी रिव्यू पिटीशन भी दाखिल करें।

### जेल में बंद भिलाई विधायक देवेंद्र यादव अस्पताल में भर्ती, ऑपरेशन की तैयारी

**रायपुर।** बलौदाबाजार हिंसा केस में रायपुर सेंट्रल जेल में बंद भिलाई विधायक देवेंद्र यादव का डीकेएस अस्पताल में ऑपरेशन किया जाएगा। देवेंद्र यादव का अस्पताल में हार्निया का ऑपरेशन होना है। देवेंद्र यादव का उपचार कराने जेल प्रशासन ने 27 दिसंबर को डीकेएस अस्पताल में भर्ती कराया है। सभी तरह के टेस्ट पूरे होने के बाद डॉक्टर देवेंद्र यादव का ऑपरेशन करेंगे। इसकी पुष्टि जेल सुपरिटेंडेंट अमित शांडिल्य ने की है। देवेंद्र यादव को पुलिस ने बलौदाबाजार हिंसा मामले में 17 अगस्त को गिरफ्तार किया है। तब से देवेंद्र यादव की न्यायिक रिमांड की अवधि बढ़ती जा रही है। भिलाई विधायक के खिलाफ भीड़ को उकसाने तथा हिंसा भड़काने का आरोप है। इस मामले में बलौदाबाजार पुलिस ने 4 बार नोटिस जारी किया। , लेकिन विधायक ने बयान देने जाने से मना कर दिया था। इसके बाद बलौदाबाजार पुलिस ने भिलाई विधायक को गिरफ्तार किया।

# नगरीय निकाय और पंचायत चुनाव समय पर कराने महंत ने राज्य निर्वाचन आयोग को लिखा पत्र

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

छत्तीसगढ़ में नगरीय निकाय चुनाव और त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव को लेकर नेता प्रतिपक्ष चरणदास महंत ने राज्य निर्वाचन आयोग को पत्र लिखा है। इससे पहले उन्होंने राज्यपाल रामेन डेका को भी पत्र लिखा था। राज्यपाल से पत्र का जवाब नहीं मिलने पर अब उन्होंने राज्य निर्वाचन आयोग को पत्र लिखकर चुनाव समय पर कराने की अपील की है। मामले में उन्होंने मीडिया से बातचीत करते हुए कहा, संविधान के विपरीत कदम उठाकर विधानसभा में संशोधन विधेयक पारित किया गया। विधानसभा में भी कांग्रेस ने विरोध किया। अब अंतिम हथियार अपनाते हुए निर्वाचन आयोग को पत्र लिखा है। राज्य निर्वाचन आयोग अपने कर्तव्य का निर्वहन कर समय पर चुनाव कराये। उन्होंने अपने पत्र में लिखा कि छत्तीसगढ़ की पंचायतों तथा नगरीय निकायों का निर्वाचन कराए जाने के लिए भारत के संविधान के अनुच्छेद 243- के तथा 243-जेड ए के अन्तर्गत छत्तीसगढ़ राज्य निर्वाचन आयोग का गठन किया गया है। इस आयोग का यह बंधनकारी संवैधानिक कर्तव्य है कि अनुच्छेद 243-इ और 243-यू के अनुसार समय पर निर्वाचन कराए। पंचायतों तथा नगर पलिकाओं की अवधि उनके निर्वाचन के बाद आयोजित प्रथम अधिवेशन के लिए नियत तारीख से पांच वर्ष होती है और इस विनिर्दिष्ट अवधि की समाप्ति के पूर्व नया निर्वाचन पूर्ण किया ही जाना चाहिए।



### निर्वाचन प्रक्रिया शुरू नहीं प्रावधानों का उल्लंघन

छत्तीसगढ़ की विद्यमान निर्वाचित पंचायतों की अवधि माह फरवरी 2025 की विभिन्न तारीखों में समाप्त होने जा रही है। निर्वाचित नगर पालिकाओं की अवधि माह जनवरी 2025 की विभिन्न तारीखों में समाप्त होने जा रही है, किंतु छत्तीसगढ़ राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा अब तक इनके गठन के लिए निर्वाचन की प्रक्रिया प्रारंभ ही नहीं की गई है। यह स्पष्ट है कि संविधान के आदेशात्मक प्रावधानों का स्पष्ट उल्लंघन हो रहा है, जिसके लिए राज्य निर्वाचन आयोग ही पूरी तरह से उत्तरदायी है।

घर, खेत एवं प्लाट में पानी जांच करवाने के लिए संपर्क करे
देश के नंबर 1 ग्राऊंड वाटर चेकर Sorry bhai से
SORRY BHAI ड्राई जगहों मे पानी निकाल कर देने की ठेका लेते है
ऐसे लोग जो बार-बार बोर करवा कर परेशान हो चूके है फिर भी पानी नही निकाल पा रहे है तो SORRY BHAI को पानी निकाल कर देने के लिए ठेका दे दो।
अधिक जानकारी के लिए हमारे यूट्यूब चैनल Kisan ka bore को सर्च करे...
मो.: 7000716599, 9301831212
पैसा पानी निकलने के बाद देना

# पांच रेत खदानों को पर्यावरण से एनओसी नहीं, फिर भी रात में चल रहा उत्खनन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

- जिले में करीब दो वर्ष पहले 13 खदानों के ऑफलाइन टेंडर निकालकर दिए गए थे ठेके पर

रायपुर जिले में रेत की 13 में से 5 खदानों में अभी भी अवैध रूप से रेत का खनन किया जा रहा है। रेत माफिया से जुड़े लोग रात के समय में इन खदानों में बेधड़क होकर रेत का खनन करने के बाद उसका परिवहन कर रहे हैं। रेत के इस अवैध कारोबार से हर रोज लाखों रुपए के राजस्व की क्षति शासन को हो रही है। इधर रेत के अवैध कारोबार पर अंकुश लगाने के लिए विभाग लगातार कार्रवाई कर रहा है, लेकिन इसके बाद भी यह कारोबार थम नहीं पा रहा है। परिणामस्वरूप माफिया से जुड़े लोग रातभर उन खदानों में रेत का खनन कर रहे हैं, जिसकी अनुमति पर्यावरण विभाग से नहीं मिली है। सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार अभनपुर क्षेत्र में एक ऐसी भी रेत की खदान है, जिसमें अवैध रूप से खनन तो किया जा रहा है, साथ ही इस खदान में जाने के लिए मेन रोड पर माफिया के लोगों ने एक अवैध रूप से सूचक बोर्ड भी लगा रखा है। इस बोर्ड में रेत घाट जाने का रास्ता लिखा हुआ है। इस बोर्ड को लगाने के पीछे यही कारण है कि रात के समय में रेत का परिवहन करने वाली गाड़ी चालकों को घाट जाने में परेशानी न हो।

### अवैध परिवहन पर रोक लगाने लगातार की जा रही कार्रवाई

रेत के अवैध परिवहन पर रोक लगाने के लिए लगातार कार्रवाई की जा रही है। कुछ खदानों में रात के समय में खनन किए जाने की सूचना मिल रही है। इसे देखते हुए अब विभाग की टीम को रात में भी निरीक्षण करने भेजा जा रहा है। इस निरीक्षण के दौरान कई गाड़ियों को पकड़कर उनके मालिकों पर अर्थदंड लगाया गया है।

**- केके गोलघाटे,** उप संचालक, खनिज विभाग रायपुर

### फरवरी 2023 में हुआ था ठेका

जिले में फरवरी 2023 में 13 रेत खदानों को लीज पर देने के लिए ऑफलाइन आवेदन मंगाए गए थे। इनमें एक से अधिक आवेदनों में समान बोली लगाने जाने के कारण ड्रा पद्धति से पर्ची निकालकर इन सभी खदानों को ठेके पर दिए गए थे। ठेके पर देने के बाद अब तक इनमें से 8 खदानों को ही राज्य पर्यावरण विभाग से खनन करने के लिए एनओसी मिल पाई हैं, शेष 5 खदानों को अब तक नहीं मिल पाई है। इस तरह करीब दो वर्ष होने के बाद भी 5 खदानों को वैध रूप से खनन की अनुमति नहीं मिल पाई है, लेकिन इसके बाद भी इन खदानों में अवैध रूप से खनन का काम धड़ल्ले से जारी है। विभाग के एक अधिकारी ने नाम नहीं छापने की शर्त पर बताया कि खदानों में रात के समय में छापा मारने में बहुत खतरा है। एक तो टीम में अधिकारी-कर्मचारियों की संख्या लिमिट होती है, वह भी बिना किसी सुरक्षा बल के टीम को औचक निरीक्षण करना पड़ता है। इसके अलावा रात में खदानों में अंधेरा रहता है। ऐसे में खदान में छापा मारा भी जाता है, तो अंधेरे का फायदा उठाकर वहां मौजूद सभी लोग भाग जाते हैं, जिसके कारण छापा मारना व्यर्थ जाता है।

Health Town
K'sagar's श्रेयन आयुर्वेद व पंचकर्म चिकित्सालय
श्री श्रेयन आयुर्वेद
Panchkarma & Wellness Centre
(संतुलन से भरा आयुर्वेद, स्वस्थ्य जीवन का राज)
वैद्य-डॉ.पल्लवी क्षीरसागर
MD आयुर्वेद (पुणे)
Timing- (11-8) by Appointment
Mob.: 9111922122, 9111912122,0771-3558564
पता :- B-22 जगन्नाथ मंदिर के पीछे, गायत्री नगर, रायपुर (छ.ग.)
उपलब्ध पंचकर्म
• बस्ति
• उत्तर बस्ति
• जानु बस्ति
इत्यादि।
राज-राजेश्वरी आयुर्वेदिक चिकित्सा केन्द्र
न्यूरो-पंचकर्मा चिकित्सा केन्द्र, रायपुर मो. 9039050422, 91794 55561
• स्लीप डिस्क, आर्थराइटिस • Back Pain, सायटिका • जोड़ो में दर्द, मांसपेशियों में दर्द
• जकड़न (Stiffness) व नशों का दबना • टेंडन एवं लिगामेंट इंजरी • सर दर्द, पॅरालिसीस • स्पांडिलाइटिस • गठिया रोग
डॉ. के.बी. श्रीनिवास राव
INTL Ayurvedic Consultant
राज्य अलंकरण अवार्ड से सम्मानित
अशोक विहार, स्ट्रीट नंबर 5, सरस्वती दाल मिल के सामने, मंडी गेट के सामने, पंडरी रायपुर। मनसा चैम्बर्स, कल्याण हॉस्पिटल के पीछे, बिलासपुर रोड, फाफाडीह रायपुर।
विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771- 4242213, 7987119756, 9303508130

## खबर संक्षेप

### पंचायत चुनाव के लिए आरक्षण की समय सारिणी जारी

**बेमेतरा।** त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव के लिए जिला पंचायत के सदस्य पदों के प्रवर्गवार एवं महिलाओं के प्रवर्गवार स्थानों के आबंटन, आरक्षण संबंधी कार्यवाही जिला पंचायत सभाकक्ष में 9 जनवरी को दोपहर 12.30 बजे से की जायेगी। जिले के जनपद पंचायत के अध्यक्ष पदों के प्रवर्गवार एवं महिलाओं के प्रवर्गवार स्थानों के आबंटन, आरक्षण संबंधी कार्यवाही जिला पंचायत सभाकक्ष बेमेतरा में 9 जनवरी को प्रातः 11 बजे से की जायेगी। ग्राम पंचायत के पंच पदों के प्रवर्गवार एवं महिलाओं के प्रवर्गवार स्थानों के आबंटन, आरक्षण संबंधी कार्यवाही जनपद पंचायत सभाकक्ष बेमेतरा, बेरला, नवागढ़ और साजा में 9 जनवरी को प्रातः 11 बजे से की जायेगी। जिले के जनपद पंचायत के सदस्य पदों के प्रवर्गवार एवं महिलाओं के प्रवर्गवार स्थानों के आबंटन, आरक्षण संबंधी कार्यवाही जनपद पंचायत सभाकक्ष बेमेतरा, बेरला, नवागढ़ और साजा में 8 जनवरी को दोपहर 2 बजे से की जायेगी।

### 18 वर्ष की आयु पूर्ण करने वाले युवा निर्वाचक नामावली में जुड़वाये नाम

**बेमेतरा।** कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी रणबीर शर्मा आगामी त्रि स्तरीय चुनाव को देखते हुये आम जन मानस से अपील की है कि नगर पंचायत, ग्राम पंचायत क्षेत्र के सभी मतदाता नगर पंचायत, ग्राम पंचायत निर्वाचन के लिए मतदाता सूची का प्रारंभिक प्रकाशन रजिस्ट्रीकरण अधिकारी, सहायक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी एवं नगर पंचायत, ग्राम पंचायत में किया गया है। 1 जनवरी की स्थिति में ऐसे सभी मतदाता जिन्होंने 18 वर्ष की आयु पूर्ण कर ली है एवं विधानसभा की निर्वाचक नामावली में फार्म 6 भरकर नाम जुड़वा लिया है, वह प्रारूप क-1 में आवेदन भरकर रजिस्ट्रीकरण अधिकारी, सहायक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी कार्यालय में अंतिम तिथि 10 जनवरी के पूर्व आवेदन जमा कर सकते हैं।

**पहल:** कोटपा एक्ट के तहत की जा सकती है कार्रवाई

# स्कूलों के आसपास नशे का सामान बिकने पर रोक लगाने की तैयारी, मांगी गई जानकारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

स्कूलों के आसपास नशीले पदार्थों की बिक्री को रोकने का कानून बनाया गया लेकिन इसका उल्लंघन होते आ रहा है। अब शिक्षा विभाग प्रदेश से निर्देश मिलने के बाद इनकी जानकारी एकत्र करने में जुटा है। ताकि स्कूलों के पास तंबाखू बिक्री न हो सके अगर बिक्री हो रही तो ऐसे दुकानों पर एक्शन लेगी । गौरतलब हो कि स्कूलों के बाहर तंबाखू की बिक्री को लेकर हाईकोर्ट ने भी नाराजगी जताई है। हाईकोर्ट के निर्देश के बाद ही प्रदेश में शिक्षा विभाग हरकत में आया है। आनन-फानन सभी स्कूलों से जानकारी जुटाई जा रही है। बताया गया है कि जिलों से यह जानकारी प्रदेश में जाएगी, जहां से सभी जिलों को एक्शन के निर्देश दिए जाएंगे।

- स्कूलों के 100 मीटर के दायरे में तंबाखू आदि बिक्री रोकेंगे

बता दें कि सरकारी व निजी स्कूलों के सौ मीटर के दायरे में तंबाखू और गुटखा उत्पादों की बिक्री पर कोटपा एक्ट के तहत कार्रवाई की जाएगी। स्कूलों के आसपास की दुकानें जहां तंबाखू और गुटखा सहित नशीले पदार्थों की बिक्री होने की जानकारी सामने आने के बाद प्रशासन ऐसी दुकानों को हटाने की कार्रवाई करेगा। उल्लेखनीय है कि कोटपा एक्ट के तहत शिक्षा संस्थाओं के बाहर सौ मीटर के दायरे में किसी भी प्रकार के तंबाखू की बिक्री नहीं की जा सकती। इसके बाद भी जिलों में सैकड़ों ऐसी स्कूलें हैं, जहां धडल्ले से पान ठेलों का संचालन हो रहा है। ऐसे में अब प्रदेश सरकार इसे लेकर सख्त एक्शन लेने के मूड में है और सभी जिलों से इसकी जानकारी मंगाई है। जानकारी लेने का यह जिम्मा शिक्षा विभाग को ही सौंपा गया है, जो जानकारी बनाकर शिक्षा विभाग को उपलब्ध कराएगा।

**मिल रही धूम्रपान करने सुविधा :** मिली जानकारी के अनुसार तंबाकू व धूम्रपान का सेवन का प्रचलन तेजी से बढ़ रहा है खासकर युवाओं में यह देखने को मिल रहा है। अधिकांश मामलों में युवाओं में तंबाकू और धूम्रपान की आदत छात्र जीवन से ही पड़ती है। जिसके पीछे स्कूल के आस-पास पान ठेलों का होना है जहां आसानी से इन्हें यहां प्राप्त हो जाता है। स्कूलों के आस-पास संचालित इन दुकानों में कई ऐसी भी दुकाने हैं जहां धूम्रपान की सुविधा प्रदान की जाती है।

### जिलेभर से मंगाई जा रही जानकारी

सभी सरकारी व निजी स्कूलों के 100 मीटर के दायरे में दुकानें जहां तंबाखू की बिक्री होती है इसकी जानकारी लेने के लिए सभी विकासखंड अधिकारी, संकुल समनायक और प्राचार्यों को निर्देशित किया गया है। जिलेभर की जानकारी इकट्ठा कर बहुत जल्द शिक्षा विभाग को सौंपी जाएगी ओर 100 मीटर के दायरे में दुकानें पाई गई तो उस पर सख्त कार्रवाई होगी। साथ ही सोमवार सभी प्राचार्यों की बैठक बुलाई गई जिसमें जिसमें इस विषय पर चर्चा की जाएगी ।

**हेमंत कपूर बंजारे** जिला शिक्षा अधिकारी, बेमेतरा




### स्कूलों के बाहर धड़ल्ले से बिक रहा तंबाखू, जिम्मेदार कर रहे खानापूर्ति

शहर से लेकर गांव में ऐसे कई स्कूल देखने को मिल जाएंगे, जहां ठीक सामने पान ठेलों का संचालन हो रहा है। ऐसे में स्कूल में पढ़ने वाले बच्चे इसकी जद में आ रहे हैं। शहर में ही ऐसी कई स्कूले हैं, जिसके सामने पान ठेला संचलित है और वहा यूनिफार्म में बच्चों को धुम्रपान करते देखा जा सकता है और कई साल से यह चलता आ रहा है पर इस पर कार्रवाई करने के नाम पर केवल खानपूर्ति ही की जाती है। तंबाखू नियंत्रण दिवस होता है तभी दिखावे के नाम पर कुछ दुकानों में कार्रवाई की जाती है शेष दिवस दुकानों में कोई झांकने भी नहीं जाता।

# सावित्री बाई फुले ने महिला सशक्तिकरण की दिशा में किये उल्लेखनीय कार्य




**बेमेतरा।** प्राथमिक एवं पूर्व माध्यमिक शाला लालपुर विकासखण्ड नवागढ़ के शिक्षकों व विद्यार्थियों ने 3 जनवरी को भारत की पहली महिला अध्यापिका माता सावित्रीबाई फुले की जन्म जयंती पर पुष्प अर्पित कर उन्हें याद किया। प्रधान पाठक बृजपाल सिंह डाहिरे ने बताया कि माता सावित्रीबाई फुले ने नारी सशक्तिकरण शिक्षा के क्षेत्र में उल्लेखनीय कार्य किए।

गरीब परिवार में जन्मी सावित्रीबाई फुले गांव-गांव में जा जाकर महिलाओं को शिक्षा के प्रति अलग जगाने के लिए समूह में बैठाकर शिक्षा देने की कार्य करती थी। शिक्षक शांत कुमार पटेल ने भी माता सावित्रीबाई फुले की जीवनी पर प्रकाश डालते हुए बताया कि सावित्रीबाई ने ही बाल विवाह के प्रति शिक्षित करने और उनका उन्मूलन तथा विधवा पुनर्विवाह के लिए वकालत करने बहुत मेहनत की। माता सावित्री बाई फुले एवं ज्योतिबा फुले के संयुक्त प्रयास से ही भारत में स्वदेशी स्कूल की स्थापना हुई, जिनमें सभी ब्रिटिश शासन काल में शिक्षा लेना प्रारंभ किए। उन्होंने अस्पृश्यता के खिलाफ अभियान चलाया और जाति, लिंग भेदभाव को समाप्त करने में सक्रिय रूप से कार्य किया। जन्म जयंती कार्यक्रम पर पूर्व माध्यमिक शाला प्रधान पाठक रामायण मनहरे, संकुल समन्वयक मुरता सतीश कुर्रे, शिक्षक घनश्याम प्रसाद साहू, मोतीराम पात्रे ने भी अपना विचार रखें।

# बिहान योजना ने स्वसहायता समूह को बनाया आत्मनिर्भर, फूलों की खेती से बढ़ायी आय

**बेमेतरा।** जिले के जनपद पंचायत बेरला के तहत ग्राम पंचायत बेरलाकला की अंजनी साहू और ग्राम बोरसी की उमा वर्मा ने अपनी मेहनत और लगन से "बिहान योजना" के माध्यम से आत्मनिर्भरता की प्रेरणा दी है। दोनों महिलाओं ने महिला स्व-सहायता समूहों से जुड़कर न केवल अपनी आजीविका को सुदृढ़ किया, बल्कि अपने परिवार के लिए आर्थिक स्थिरता भी लाई। स्व-सहायता समूह से जुड़कर अंजनी साहू ने बैंक ऋण प्राप्त कर 1 एकड़ जमीन में गुलाब की खेती की शुरुआत की। गुलाब के फूलों की गुणवत्ता और उनकी मेहनत के चलते वे प्रतिदिन रायपुर में फूलों का विक्रय करती हैं। उनकी मासिक आय 15 से 20 हजार रुपये तक पहुंच गई है। इस सफलता ने न केवल उनके परिवार को आर्थिक सहारा दिया, बल्कि उन्हें गांव में एक प्रेरणास्त्रोत बना दिया है।

**गेंदे की खेती से सवा लाख की आय :** ग्राम बोरसी की उमा वर्मा ने एकादशी महिला स्व-सहायता समूह के माध्यम से बैंक और ग्राम संगठन से ऋण प्राप्त कर गेंदे की खेती की शुरुआत की। उनकी मेहनत और बेहतर प्रबंधन के चलते उन्होंने सवा लाख रुपये की आय अर्जित की। उनकी इस सफलता ने यह दिखा दिया कि सही योजना और मेहनत से ग्रामीण महिलाएं भी आर्थिक रूप से सशक्त बन सकती हैं। विदित हो कि बिहान योजना के तहत ये दोनों महिलाएं स्व-सहायता समूहों के साथ जुड़कर एक मिसाल बन चुकी हैं। उन्होंने यह साबित कर दिया कि आत्मनिर्भरता और आर्थिक सशक्तिकरण के लिए दृढ़ संकल्प और मेहनत सबसे महत्वपूर्ण हैं।

# संत समागम मेला, चौकाआरती में शामिल हुए विधायक दीपेश साहू

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा



विधायक दीपेश साहू ग्राम लोलेसरा में कबीरपंथ के संत समागम मेला के चौथे दिन चौका आरती में शामिल हुए। इस दौरान दुर्ग सांसद विजय बघेल, खाद्य मंत्री दयालदास बघेल, साजा विधायक ईश्वर साहू भी उपस्थित रहे।

विधायक दीपेश साहू ने साहेब बंदगी के जयघोष के साथ कबीरपंथ के गुरु गोसाई डॉ . भानुप्रताप नाम साहब से आशीर्वाद प्राप्त किया और भव्य आयोजन के लिए पूरे आयोजन समिति और कबीरपंथ के अनुयायियों को बधाई दी। उन्होंने कहा कि साहेब बंदगी मानव से मानवता तक और एक दूसरे को सह-सम्मान करने तथा अभिवादन करने की पवित्र संस्कृति है। इस संस्कृति की महत्ता एवं ख्याति दिनों दिन बढ़ती जा रही है। साहू ने कहा की कबीरपंथ ने सर्व मानव समाज को एक दूसरे को जोड़ने का मार्ग दिखाया। श्री प्रकाश मुनि नाम साहब कबीरपंथ के गुरु श्री प्रकाश मुनिनाम साहेब ने कहा कि कबीर पंथ कोई धर्म या जाति नहीं, बल्कि सतगुरु कबीर साहेब द्वारा दिखाया हुआ एक मार्ग है। इस मार्ग पर चलकर हर धर्म, जाति और मजहब का व्यक्ति अपने जीवन को सफल बना सकता है। साहेब बंदगी का मूल अर्थ मानव और मानवता के अंदर घट-घट में बसे परमात्मा को महसूस करते हुए उन्हें पूरे आदर और सम्मान से साहेब बंदगी से अभिवादन किया जाता है। कबीरपंथ में ऐसी मान्यता है कि हर व्यक्ति के अंदर ईश्वर और परमात्मा का वास है, उसी को सम्मान देते हुए साहेब बंदगी कहते हैं। उन्होंने कहा है कि कबीरपंथ ने सर्व मानव समाज को एक-दूसरे को जोड़ने का एक सदाचार और सत्य का मार्ग दिखाया है। इस पंथ में जाति, धर्म, संप्रदाय की कोई बंधन नहीं है। यहां सभी धर्मा को मानने वाले लोग कबीर के बताए मार्ग पर चलकर अपना जीवन को उचाई दे रहे हैं। इस दौरान भाजपा नेता सुरेंद्र सिंह, राजेश जैन, परमेश्वर वर्मा, मोंटी साहू, निखिल साहू, संजूसिंह राजपूत, धर्मेंद्र साहू, सोम ठाकुर, बिसेन साहू, दीनानाथ साहू, हनुमतसाहू, त्रिलोकी साहू उपस्थित थे।

# तीन गर्भवतियों की गोद भराई व दो बच्चों का कराया अन्नप्रासन

**बेमेतरा।** जिले में कुपोषण को लेकर महिला एवं बाल विकास द्वारा हमर स्वास्थ्य लइका अभियान शुरू किया गया है। परियोजना बेमेतरा अंतर्गत आने वाले बालसमुंद पंचायत में सुपोषण चौपाल का आयोजन किया गया। तीन गर्भवतियों की गोद भराई एवं दो बच्चों का अन्नप्रासन कराकर उपस्थित महिलाओं एवं कुपोषित बच्चों के पालकों, सरपंच, उपसरपंच, पंच तथा अन्य जनप्रतिनिधि, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता, मितानिन और समूह कि महिलाओं को सुपोषण चौपाल के महत्व को विस्तार से बताया गया ।

- हमर स्वस्थ लइका अभियान के तहत बालसमुंद में लगी सुपोषण चौपाल




चौपाल मे बताया गया कि 6 माह तक बच्चे को केवल स्तनपान, 6 माह पूर्व शुरुवात में घर में बने भोजन को मसलकर खिलाना तथा जब बच्चा खाने लग जाये तो थोड़ा थोड़ा, बार बार खिलाना। गर्भवती महिलाओं को नियमित वजन करना, टीकाकरण, टीएचआर का सही उपयोग, आयरन, कैल्सियम का सेवन एवं प्रधानमंत्री मातृ वंदना से प्राप्त राशि का अपने पोषण एवं स्वस्थ पर उपयोग करने का सही सलाह दिया गया एवं चर्चा कि गई । कुपोषण की जड़ बाल विवाह को रोकने की रणनीति बनाई गई, एक स्वस्थ बालक के विकास पर विस्तृत ,चर्चा की गई। विकास के चरण के बारे में बताया गया। 7 कुपोषित बच्चों का वजन एवं लंबाई/ ऊंचाई ली गई। ग्राम बालसमुंद की समस्त कार्यकर्ताओं को मिशन 100 के तहत पृथक से रजिस्टर तैयार कराया गया 1

उक्त जानकारी ग्राम बावा मोहतरा, परियोजना बेमेतरा के आंगनवाड़ी कार्यकर्ता के हितग्राही के यहां कुपोषित बच्चों के गृह भेंट कर उनके पलकों को पोषण युक्त भोजन करने हेतु बताया गया जैसे स्थानीय मूंगा भाजी बथुआ भाजी दूध अंडा केला चना गुड़ पोइ भाजी खिलाने के लिए प्रेरित किया गया । उक्त कार्यक्रम में पर्यवेक्षक बालसमुन्द श्रीमती रुखमणि ध्रुव एवं मास्टर ट्रेनर सीता चंद्रवंशी, क्रेश कार्यकर्ता सती सेन एवं पूर्णिमा के द्वारा हितग्राहियों से कुपोषण मुक्त पंचायत बनाने हेतु प्रेरित किया गया।




# जिपं सभापति ने बंद कराया रेत का अवैध खनन

**बेमेतरा।** जिला पंचायत सभापति राहुल टिकरिहा ने अपने कार्यकर्ताओं के साथ खुद अवैध रेत घाट पहुंच कर अवैध खनन बंद कराया। शिवनाथ नदी चैन माउंटेन, पण्डुब्बी उतार कर बैखौफ होकर

हाईवा में अवैध रेत भरी जा रही थी, जिस पर टिकरिहा ने आक्रोश जताया और कहा बेमेतरा खनिज विभाग और जिला प्रशासन मौन बन कर खनन माफियाओं के साथ ख़डी नजर आ रही।

बता दें कि बेमेतरा विधानसभा से गुजरने वाली शिवनाथ नदी पर अवैध रेत खनन करने वाले माफियाओं ने ग्राम बहेरघट और ग्राम भाठासोरी को रेत खनन का डेरा बना लिया था, जिसे जिला पंचायत बेमेतरा के सभापति राहुल योगराज टिकरिहा कार्यकर्ताओं के साथ पहुंचे और रेत खनन बंद कराया। राहुल ने बताया इस विषय पर लगातार जिला प्रशासन और खनिज विभाग को अवगत कराया गया, लेकिन यह सभी खनन माफियाओं के सहयोगी बने बैठे है।

### बड़े माफियाओं पर हो कार्रवाई

छोटे किसान जो मजदूरी कर तगादी के माध्यम से ट्रैक्टरों द्वारा रेत निकालते है अपना रोजी रोटी चलाते हैं उनपर कार्रवाई के बजाए बड़े रेत चोरों पर कार्रवाई करें जो बड़े बड़े चैन माउंटेन और पण्डुब्बी से अवैध खनन को अंजाम दे रहे, नहीं तो हमें कार्रवाई करने उतरना पड़ेगा।

- राहुल टिकरिहा

# लावातरा के विद्यार्थियों ने देखा कोणार्क का सूर्य मंदिर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

शीतकालीन अवकाश में बेरला विकासखंड के शासकीय हाई स्कूल लावातरा के 40 विद्यार्थियों ने अपने पालकों की अनुमति से चार दिवसीय शैक्षणिक भ्रमण में ओडिशा की यात्रा की। जिसमें उनके साथ शिक्षक, उनके परिवार के साथ साथ पूर्व विद्यार्थी भी शामिल हुए। विद्यार्थियों ने कोणार्क का सूर्य मंदिर, भारत के चार धामों से पूर्व दिशा में बंगाल की खाड़ी के समीप स्थित एक धाम जगन्नाथपुरी, बंगाल की खाड़ी, दुनिया का सबसे लंबा बांध हीराकुंड बांध, ओडिशा की राजधानी भुवनेश्वर का लिंगराज मंदिर आदि स्थानों का भ्रमण किया। प्राचीन काल में निर्मित इन मंदिरों के कलाकृति एवं शिल्प कला को देख विद्यार्थी अभिभूत हो गए। उक्त स्थानों का भ्रमण के पश्चात सभी विद्यार्थी अति उत्साहित नजर आए।

- शासकीय हाईस्कूल के 40 विद्यार्थियों ने किया ओडिशा का शैक्षणिक भ्रमण

शैक्षणिक भ्रमण में संस्था प्रमुख प्राचार्य रविशंकर देशलहरे, व्याख्याता भुवन लाल साहू, अनुज राम साहू, प्राथमिक शाला प्रधान पाठक ओंकार प्रसाद साहू, पूर्व माध्यमिक शाला की शिक्षिका वीणा देवी सारथी का विशेष योगदान रहा। इस शैक्षणिक भ्रमण में स्वयंसेवी शिक्षिकाएं रानी साहू, लोमिका साहू सहित शाला के पूर्व विद्यार्थी निशा साहू, प्रिया साहू, टकेश्वरी साहू, मेनिका साहू, भिनेश्वरी साहू , रूखमणी साहू, हिमांशु साहू आदि भी उत्साहपूर्वक शामिल हुए। शैक्षणिक भ्रमण का भरपूर आनंद लिया। व्याख्याता भुवन लाल साहू ने बताया कि शैक्षिक भ्रमण टीमवर्क, नेतृत्व और पारस्परिक कौशल के विकास को बढ़ावा देते हैं। वे छात्रों को अपने



आरामदायक क्षेत्र से बाहर निकलने का अवसर प्रदान करते हैं, जिससे उनका आत्मविश्वास बढ़ता है और जिम्मेदारी की भावना विकसित होती है। छात्र समूहों में काम करना सीखते हैं, जिससे उनकी टीम वर्क कौशल में सुधार होता है।

### विषयवस्तु से जोड़ना एक मुख्य उद्देश्य

व्याख्याता भुवन लाल साहू ने बताया कि कक्षा से बाहर जाकर शैक्षणिक भ्रमण के माध्यम से हम प्रकृति और मनुष्य के सह- सम्बन्धों को बेहतर तरीक़े से समझ सकते हैं। बच्चों को तो अपने परिवेश की काफ़ी सारी जानकारी होती है। उसी जानकारी को विषय व विषयवस्तु से जोड़ना और उसमें विस्तार करना शैक्षिक भ्रमण का मुख्य उद्देश्य है।

# कक्ष निर्माण में तराई का अभाव, एजेंसी कर रही गुणवत्ता की अनदेखी, ग्रामीणों में आक्रोश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेरला

मुख्यमंत्री स्कूल जतन योजना से ग्रामीण यांत्रिकी सेवा संभाग बेमेतरा के अंतर्गत शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय लेंजवारा में अतिरिक्त कक्ष निर्माण कार्य पर दीवालों में पानी तराई किए बिना गुणवत्ता को दरकिनार कर धड़ल्ले से निर्माण कार्य जारी। इससे ग्रामीणों में निर्माण एजेंसी के खिलाफ आक्रोश की स्थिति बन गई है। साथ ही निर्माण कार्य में स्तरहीन मटेरियल को लेकर सवालिया खड़ा हो रहे हैं। ज्ञात हो कि विकासखण्ड बेरला के शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय लेंजवारा का अतिरिक्त कक्ष निर्माण कार्य जारी है। वहीं निर्माण एजेंसी द्वारा मजदूरों द्वारा कार्य किया जा रहा है, लेकिन संबंधित इंजीनियर व आला अधिकारी की बिना निरीक्षण के चलते मनमानी व मापदंडों को दरकिनार कर निर्माण करा रहे हैं। जहां नियमित



रूप से पानी डालना होता है वहां खाना पूर्ति की जा रही है। इससे अंदाजा लगाया जा सकता है कि भविष्य के लिए दुर्घटना होने की संभावना बढ़ सकती है। ठेकेदार केवल अतिरिक्त कक्ष निर्माण का औपचारिकता पूरी कर रहे हैं।

### निर्माण कार्य भगवान भरोसे

ग्रामीणों का कहना है कि निर्माण के बाद दीवालों की मजबूती के लिए पानी की तराई आवश्यक है। दूसरी ओर लाखों के इस प्रोजेक्ट को ठेकेदारों के भरोसे छोड़कर अफसर दफ्तरों में ही बैठकर मॉनिटरिंग कर रहे हैं। इसी वजह से निर्माण में लापरवाही सामने आ रही है। भविष्य में शिक्षा विभाग, शाला परिवार व ग्रामीणों को परेशानी झेलनी पड़ेगी। निर्माण की निगरानी के लिए इंजीनियरों की टीम होने का दावा जरूर किया जा रहा है। वह फेल होते नजर आ रहे हैं। बिना तराई के निर्माण पूरा हो रहा है। ग्रामीण व प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि मौके पर ठेकेदार नहीं रहते हैं। भवन निर्माण को लेकर मजदूर भरोसे किया जा रहा है। ठेकेदार हफ्ते व पंद्रह दिनों में एक बार नजर मारने आते हैं। शासन प्रशासन की महत्वाकांक्षी योजना मुख्यमंत्री स्कूल जतन योजना को बदनाम करने में तुले हुए है। वहीं स्वीकृत राशि का खेल खेला जा रहा है। उम्मीद है कि जिला प्रशासन इस ओर ध्यान केंद्रित करेगा, ताकि शिक्षा के मंदिर की नींव मजबूत रहे।

